तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 2 सितंबर 2024




12 भाजपाइयों ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने का लिया...



11 युवा कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस



# पारंपरिक पर्व पोला आज, घर-घर में की जाएगी बैल जोड़ी की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पोला का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक मुख्यालयों में जगह-जगह चौराहों व बाजार में बीते 3–4 दिनों से मिट्टी से बने नंदी बैल व मिट्टी से बने खिलौनों की बिक्री खूब हो रही है। रविवार को जिला मुख्यालय में नंदी बैल व खिलौने की दर्जनों दुकानें लगी रहीं, जहां लोग अपने पसंद के पारंपरिक नंदी बैल व खिलौने खरीदते नजर आए। पोला त्यौहार को लेकर लोग काफी उत्साह के साथ इस त्यौहार को मनाने की तैयारी में हैं।

खेतों में धान की बुआई से लेकर कटाई और मिंजाई सहित अन्य कृषि कार्यों में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले बैलों की जोड़ी को आज सजाकर उन्हें आकर्षक रूप देकर धूमधाम से पूजा करेंगे। जिनके घर बैल नहीं है, वे बाजार में बिकने वाले मिट्टी या लकड़ी से बने बैलों की जोड़ी को ही सजा कर घर में पूजा करेंगे। इस पारंपरिक त्यौहार को जिलेवासी बड़ी ही धूमधाम से मनाते हैं। आज बैल की पूजा में चीला रोटी सहित अन्य छत्तीसगढ़ी पकवान हर घर बनेगा।

- कृषि कार्यों में पशुधन के योगदान पर कृतज्ञता व्यक्त करने का है त्योहार
- छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लगाया जाएगा भोग, कई जगह बैल दौड़ के कार्यक्रम भी



### तीज जाने का सिलसिला आज से शुरू

बता दें कि प्रदेश में महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार तीज है। महिलाएं तीज मनाने अपने मायके जाती हैं, आज से तीज मनाने महिलाओं का मायके जाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो आगामी गुरुवार शुक्रवार तक चलेगा।

### तीज पर्व के चलते स्टेशनों में यात्रियों की खचाखच भीड़

आपको बता दें कि आज पोला त्यौहार है। जिले भर में पोला त्यौहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, इस त्यौहार से ही तीजा पर्व की शुरुआत भी हो जाएगी। ऐसे में महिलाएं तीज पर्व मनाने मायके आना जाना कर रहीं है, जिसके चलते ट्रेन से लेकर यात्री बसों में भी भारी भीड़ देखने को मिल रहा है। बस संचालकों की मनमानी भी सामने आ रही है। सड़कों पर नहीं चलने योग्य बसों को भी सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। वहीं, उन बसों में यात्रियों को ठूसठूंस कर बसों में बैठाया जा रहा है। ऐसे में कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### संजारी में अखण्ड रामधुनी सम्मेलन 6 व 7 को

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संजारी के स्कूल पारा में 6 एवं 7 सितंबर को अखंड रामधुनी सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। प्रथम दिवस श्री राघव रामधुनी मंडली ग्राम शास्त्री चौक चिपरा, संगी जंहुरिया रामधुनी मंडली ग्राम बोहारा, लोकप्रिय आदर्श रामधुनी मंडली ग्राम धनगांव, जय महामाया रामधुनी मंडली ग्राम किकिरमेटा व तुलसी के संदेश रामधुनी मंडली ग्राम बोरसी की प्रस्तुति होगी। द्वितीय दिवस जय रानीमाई रामधुनी मंडली ग्राम कुरुभांठ जिला कांकेर, रामधुनी एवं जराभंजन मंडली ग्राम गांधीनगर, जय मां दुर्गा रामधुनी मंडली एवं जस परिवार ग्राम पेंड्रावानी (अमलीडीह) जिला राजनंदगांव, जय छ.ग. बाल मित्र रामधुनी मंडली ग्राम भांठागांव सिकोसा जिला बालोद व ओमसांई रामधुनी मंडली ग्राम पेंड्रावानी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्याम लाल कमरिया, उपाध्यक्ष रामलाल इन्दौरिया, कोषाध्यक्ष मोहन निर्मलकर, सचिव ओमप्रकाश गोरे, सह सचिव बुवन लाल भुआर्य वह समस्त ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



### बालोद में श्रीमद् देवी भागवत कथा 3 अक्टूबर से

**बालोद।** धर्म नगरी बालोद में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन 3 अक्टूबर से होने जा रहा है। कथा वाचक रुचिता तिवारी बिलासपुर छत्तीसगढ़ होगी। कथा 3 अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 11 अक्टूबर तक चलेगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। कथा का आयोजन गोविंद राईस मिल प्रांगण गंजपारा बालोद किया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे श्री गणेश मंदिर सदर रोड से निकाली जाएगी। कलश यात्रा गणेश मंदिर से सदर रोड, घड़ी चौक, दल्ली चौक होते गंजपारा दुर्गा मंदिर तक प्रस्थान करेगी। श्रीमद् देवी भागवत कथा के इस पवित्र कार्यक्रम में देवी मां की महिमा और शक्ति के बारे में जानने का सौभाग्य प्राप्त होगा। यह कथा में देवी मां के विभिन्न रूपों और उनकी शक्तियों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान भजन–कीर्तन, प्रवचन होगा, कथा के पश्चात प्रसाद वितरण होगा।



घटना : धमतरी-कांकरे नेशनल हाईवे 30 पर मरकाटोला घाटी में हुई दुर्घटना

# एलपीजी टैंकर पलटा, लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धमतरी–कांकरे नेशनल हाईवे 30 पर स्थित मरकाटोला घाटी में एलपीजी गैस टैंकर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक व परिचालक दोनों सुरक्षित हैं। वहीं, सड़क हादसे के बाद नेशनल हाईवे से किसी भी तरह से सहायता दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को हटाने में नहीं मिल पाई। इसका खामियाजा राहगीरों को रात में भुगतान पड़ा, क्योंकि दुर्घटना के बाद टैंकर के सड़क पर ही पड़े रहने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार पुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मरकाटोला घाट में एलपीजी गैस टैंकर क्रमांक सीजी 07 एल बी 2038 अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गया। बताया गया कि टैंकर कि रफ्तार तेज थी। खाली टैंकर रायपुर से कोंडागांव जा रहा था। इस बीच वह अनियंत्रित हो जाने से पलट गया। दुर्घटना ▶▶| शेष पेज 10 पर

### चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान







#### एंबुलेंस की मिल रही सेवाएं

टोल प्लाजा में एम्बुलेंस है जो घटनाओं के दौरान लगातार अपनी सेवाएं दे रही हैं। टोल प्लाजा में क्रेन एवं अग्निशमन जैसी सुविधाओं का कोई प्रावधान नहीं है।

**वैभव गोयल, मैनेजर टोल प्लाजा।**

### टोल प्लाजा में न एंबुलेंस, न अग्निशामक यंत्र न क्रेन की व्यवस्था

धमतरी जगदलपुर नेशनल हाईवे 30 पर स्थित टोल प्लाजा में विभाग द्वारा वाहनों के आवागम करने पर टैक्स वसूल किया जा रहा है, लेकिन यहां दुर्घटना पश्चात एंबुलेंस की सुविधा, अग्निशामक यंत्र या वाहन की व्यवस्था, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण लोगों कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

### चार दिन पहले और हुई थी दुर्घटना

उल्लेखनीय है कि चार दिनों पहले ही इसी सड़क पर यात्रियों से भरी बस ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गई थी। इस दुर्घटना में बस में सवार पांच यात्रियों को गंभीर चोट आयी थी, वहीं कांकेर में पदस्थ सड़क हादसे में घायल महिला एवं बाल विकास अधिकारी हरिकीर्तन राठौर की सड़क दुर्घटना घायल होने के बाद अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा निजी एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया था, लेकिन नेशनल हाईवे विभाग समय पर एंबुलेंस की व्यवस्था की जाती, तो शायद बेहतर इलाज से उनकी जान बच जाती।

## सरपंच की हत्या के मामले में परिजनों ने जताई और लोगों के शामिल होने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरीबंगला

संजारी चौकी के खेरथा में सरपंच की हत्या के मामले में उनके परिजनों ने मामले में सनसनी खेज आरोप लगाया है।


मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर मामले की बारीकी से जांच करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जिस तरह से सरपंच की हत्या हुई है, उसे देखते हुए लगता है कि अकेले पोस्टमैन ने हत्या नहीं की है, बल्कि उनके साथ इस घटना में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। उन्होंने इस मामले को राजनीति से भी जोड़ते हुए भी जांच करने की मांग की है। मृतक के परिजनों ने कहा कि पोस्टमैन अपने बचाव के लिए अपनी पत्नी पर बुरी नजर रखने की बात कह रहा है। आम लोगों का कहना है सरपंच की छवि बहुत ही साफ सुथरी थी, जिन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मृतक के परिजनों ने हत्या की घटना में पोस्टमैन के परिवार के अन्य लोगों के भी शामिल होने का संदेह जताया है। मृतक के परिजनों ने कहा कि पुलिस द्वारा अपराधी के जुर्म कबूल करने पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

- पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर की मामले की बारीकी से जांच करने की मांग

# खपरी बांध से नहरों के अंतिम छोर तक पहुंचा पानी

### हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर, खेतों तक पहुंचाने की गई त्वरित कार्यवाही





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

खरीफ धान फसलों को पानी की आवश्यकता को देखते हुए नहरों से सिंचाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि खपरी बांध 100 वर्ष पुरानी है तथा इसके नहरों की कुल लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है, जिसके माध्यम से 17 गांवों के लगभग 5000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। लगातार हो रही सेवानिवृत्ति के कारण अनुभवी कर्मचारियों की कमी से विभाग जूझ रहा है।

वर्तमान में अण्डा (खपरी) सेक्शन में मात्र दो तीन कर्मचारी ही कार्यरत हैं। मैदानी अमलों की कमी के बावजूद विभाग सीमित संसाधनों से ही प्रत्येक गांव एवम् खेत तक पानी पहुंचाने प्रयासरत है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने नहर में खरपतवार उग जाने के कारण अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचने की खबर प्रकाशित कर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों तक किसानों की समस्या पहुंचाने की कोशिश की थी।



सफाई के अभाव में खरपतवार से पटी नहर, खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए भले ही डैम एवं नहरों का निर्माण हो चुका हो, लेकिन जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की

- किसानों ने की नहर की सफाई कराने की मांग

सफाई नहीं कराने के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में अब खेतों को सिंचित करने के लिए खुद किसान ही नहरों की सफाई करने के लिए मजबूर हैं। सफाई के अभाव में करीब आधा दर्जन गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के खपरी डैम से बड़ी संख्या में गांवों के खेतों की सिंचाई होती है। एक बड़ा भू-भाग व दर्जनों गांव इसी नहर पर निर्भर है। अभी पानी की ज्यादा आवश्यकता क्यों की एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है, इस क्षेत्र में पानी नहीं गिरा है, जिसके कारण यह समस्या आ रही है। नहर में पानी चलने पर ही किसान अपने खेतों में बोनी कर पाते हैं, जिससे अच्छी फसल होती है। लेकिन, इस वर्ष अभी तक आधी से अधिक नहर की जल संसाधन विभाग द्वारा साफ-सफाई नहीं करवाई गई है। इसके कारण नहरों में मौजूद घास सहित अन्य कचरे के कारण नहर से पानी निकलना संभव नहीं है। ऐसे में आधा दर्जन गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उधर पानी नहीं पहुंचने के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। इसी से परेशान होकर ग्रामीणों ▶▶| शेष पेज 11 पर

अनुविभागीय अधिकारी पीएन साहू स्वयं अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में लगे हुए हैं। उनके द्वारा सिंचाई कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य अपनी देखरेख में करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य कराया गया था, किंतु आबादी क्षेत्र से गुजरने वाली नहरों में आस पास के लोगों द्वारा कचरा डाल दिया जाता है तथा गाजर घास वर्षा ऋतु में बहुतायत में उग आते हैं जिससे नहरों के जल प्रवाह में अवरोध पैदा होता है।

श्री साहू ने आम लोगों तथा किसानों से अपील की है कि नहरों में कचरा न डालें, नहरों को न काटें तथा आवश्यकता से अधिक पानी न लें और विभाग को सहयोग प्रदान करें। ताकि सभी खेतों को समय पर पर्याप्त पानी मिल सके। हमारे क्षेत्रीय संवाददाता नहर के अंतिम छोर के गांवों तक वस्तुस्थिति की सही जानकारी लेने पहुंचे तथा किसानों से चर्चा की। किसानों द्वारा समय पर पानी मिलने तथा सिंचाई होने पर खुशी व्यक्त की गई।


## पाठक सूचना


बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


# व्यापारियों ने सांसद भोजराज से की भेंट, की सुविधाओं की मांग

**बालोद।** पुराना बस स्टैंड व्यापारी संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग से स्थानीय विश्राम गृह में मुलाकात कर बालोद रेलवे स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर पत्र सौंपा है। माँग पत्र के संदर्भ में व्यापारी संघ के सचिव तरुण बड़तीया ने बताया कि दल्लीराजहरा से दुर्ग तक दोहरी रेल लाइन का निर्माण अतिआवश्यक है। आवागमन की सुविधा में यह कार्य वरदान साबित होगा। बालोद रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन के तहत अनेक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जो ▶▶| शेष पेज 10 पर



पुराना बस स्टैंड व्यापारी संघ बालोद




## खबर संक्षेप

### राज्यपाल और साय से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज ने मांगा मिलने का समय

**रायपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चिट्ठी लिखकर मुलाकात का समय मांगा है। उन्होंने कहा, डीपीएस में 4 साल की बच्ची के साथ दुराचार के मामले के साथ राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। चोरी, लूट, हत्या जैसी घटनाओं को लेकर राज्यपाल रमेन डेका और सीएम साय को ज्ञापन सौंपेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ता ने की आत्महत्या, कांग्रेस समिति करेगी जांच

**रायपुर।** भाजपा कार्यकर्ता संतोष कुमार पटेल की 2 दिन पहले रेलवे ट्रेक पर सिर कटी लाश मिली थी। आत्महत्या के मामले में सियासत हो शुरू हो गई है। आरोप है कि पटेल के साथ कुछ दिनों पहले मारपीट हुई थी, इसकी शिकायत धरसींवा थाने में की गई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे दुःखी होकर पटेल ने अपनी जान दे दी। घटना के बाद धरसींवा के थानेदार और हवलदार को लाइन अटैच किए जाने को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए एक 6 सदस्यीय कमेटी बनाई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इस समिति का संयोजक खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को बनाया गया है। विधायक संदीप साहू और इंद्र साव के साथ राज्यसभा की पूर्व सदस्य छाया वर्मा और धरसींवा की पूर्व विधायक अनिता शर्मा को सदस्य बनाया गया है।

### प्रीति को कांग्रेस ने बनाया डोडा का पर्यवेक्षक

**रायपुर।** जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से महिला नेत्री प्रीति उपाध्याय शुक्ला को डोडा वेस्ट निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति किया है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने आदेश जारी कर उन्हें वहां की जिम्मेदारी संभालने कहा है। इसके पूर्व राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें झारखंड में सिमडेगा तथा गुमला की जिम्मेदारी दी थी। उनकी कार्यशैली को देखते हुए उन्हें पुनः राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी दी गई है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका भर्ती, 10 तक आवेदन

**रायपुर।** कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव-2 द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 10 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायिका पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास होना आवश्यक है तथा आवेदक का उसी ग्राम का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का 8 को होगा समापन

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू किए गए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितंबर देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### वार्ड क्रमांक 10 में सरदार पटेल मैदान के पीछे सड़क पर चलना था मुश्किल

# दो साल में ही जर्जर हो गई सड़क, जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान, नागरिकों ने की मरम्मत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जब नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर की बदहाल सड़कों की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया, तो स्थानीय वार्डवासी ही अब सड़क की मरम्मत कराने आगे आ रहे हैं।

बीते करीब दो साल पहले ही वार्ड क्रमांक 10 सरदार पटेल मैदान के पीछे वरिष्ठ नागरिक रमन टुवानी के घर के पास से लेकर अग्रवाल बुक डिपो तक लाखों रुपये खर्च कर गुणवत्ताहीन डामरीकरण कार्य कराया गया था। ठेकेदार और पालिका प्रशासन के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की लापरवाही या जानबूझकर की गई अनदेखी के कारण सड़क से डामर कुछ ही महीनों में उखड़ने लगा। देखते ही देखते दो साल के भीतर स्थिति यह हो गई कि इस मार्ग पर लोग जान जोखिम में डालकर चलने लगे हैं। जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं, वहीं बारिश के कारण कई जगहों में पानी भरने के साथ ही नाली का गंदा पानी भी सड़क पर जाम हो जाता है। इसके कारण वार्ड के लोग काफी परेशान हो चुके हैं। इस समस्या को लेकर वार्डवासी लगातार आवाज उठाते रहे हैं एवं नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराते रहे हैं लेकिन नगर पालिका ने सुध नहीं ली।

■ नागरिकों ने कहा, बार-बार सूचना देने के बाद भी नहीं की गई मरम्मत

#### जवाब नहीं दे पाए जिम्मेदार

दो दिन पहले ही स्थानीय वार्डवासी ने अपने खर्च से गड्ढेनुमा सड़क पर सीमेंटीकरण कर उसे सुधारने का प्रयास किया। नगर पालिका प्रशासन व जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के होने के बावजूद व लगातार शिकायत करने के बाद भी वार्डवासियों को इस तरह से सड़क की मरम्मत करनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में गड़बड़ी जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। इस मामले में नगर पालिका के जिम्मेदारों सीएमओ शौरभ शर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## सक्रिय कार्यकर्ता बनने कम से कम 50 नए लोगों को पार्टी से जोड़ें : साहू



हरिभूमि न्यूज. ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्ता अभियान के तहत जिला एवं मंडल प्रभारियों के मार्ग दर्शन में शक्ति केन्द्र स्तरीय सदस्ता अभियान कार्यशाला भरर शक्ति केन्द्र में शक्ति केन्द्र प्रभारी अंगेश्वर साहू की विशेष उपस्थिति में हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शक्ति केंद्र प्रभारी अंगेश्वर साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शक्ति केंद्र स्तरीय सभी कार्यकर्ताओं को घर, मुहल्ले, बस स्टैंड, चौपाटी में जाकर भारतीय नागरिक, आयु 18 वर्ष को संपर्क कर प्रत्येक बूथ में कम से कम 200 से अधिक प्राथमिक नए सदस्य बनाने की लक्ष्य प्रदान करने की बात कही। सक्रिय सदस्य में अपनी नाम सुनिश्चित करने के लिए 50 सदस्यों की जोड़ने की बात कही। शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ताओं को नए सदस्य बनाने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बतलाया गया। बैठक में मुख्य रूप से शक्ति केन्द्र प्रभारी अंगेश्वर साहू, बुथ अध्यक्ष अरूण चन्द्राकर, बुथ अध्यक्ष केशव साहू, सह संयोजक द्रौण चंद्राकर, माखनलाल साहू, सरोज साहू, शंकर साहू, दिनेश नागरिया, सुरेश धीवर, हेत राम चंद्राकर, महेन्द्र निर्मलकार सान्सद प्रतिनिधि, गोवर्धन साहू, बहुर यादव, ललित पटवा, ऐमन साहू, मुरलीधर वैष्णव, सांसद प्रतिनिधि मोह भट्ठा, बुथ अध्यक्ष ग्राम गब्दी चन्द्र शेखर कुन्जाम एवं बिहार राम, साहू सहित कार्यकर्ताओं की बैठक में उपस्थित थे।

■ ग्राम भरर में शक्ति केन्द्र प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से की अपील

## टेकापार में बीमार गायों का किया गया उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

तहसील के ग्राम टेकापार में गंभीर रूप से पीड़ित गायों की सेवा के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के युवा अंकुश भारद्वाज, शुभम राजपूत, तुकेश, देवा, अमित और सुशील ने पीड़ित गाय को औषधि और चिकित्सा प्रदान की।

गंभीर बीमारी से पीड़ित गाय को देख भाल के लिए गाँव के कई लोगों ने भाग लिया और अपनी संवेदना और सहायता प्रकट की। युवकों ने गाय को औषधि और आवश्यक चिकित्सा प्रदान की, जिससे उसकी स्थिति में सुधार देखा गया। शुभम ने बताया कि गांव में लगभग 25 से 30 लावारिस गायों का झुंड है, जिसे अनुपयोगी होने पर अलग-अलग गांव से लाकर यहां छोड़ा गया है, जिससे समस्त ग्रामवासी चिंतित हैं। इन सब के बाद भी, बाहर से आए गायों में से बहुत सी गाय गंभीर रूप से पीड़ित थीं, जिन्हें गाँववासियों द्वारा एकजुटता और सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए चिकत्सकीय सहायता की गई। इन लावारिस गौवंश को उचित स्थान पर पहुंचने के लिए शासन से अपील की गई।

## बालोद में होगी मन के आगामी फिल्म की शूटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ फिल्म स्टार मन कुरैशी एक दिवसीय दौरे पर बालोद पहुंचे, जहाँ जिले के पत्रकारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पर चर्चा की।

इस दौरान मन कुरैशी ने बताया कि पहली फ़िल्म की शुरुआत बालोद से की, अब तक लगभग 27 फिल्मों में काम कर चुके हैं, जो पर्दे पर रिलीज हो चुकी हैं। वहीं, आगामी दिनों में फिल्म बनाने को लेकर कहा कि बालोद के तांदुला जलाशय सहित अनेक जगहों पर शूटिंग कर बालोद का नाम रोशन किया जाएगा। वहीं, उन्होंने व्यक्तिगत जीवन के बारे में बतलाते हुए कहा कि वह फिल्म में काम करने से पहले हार्ड वेयर इंजीनियर थे, जिसके कारण उन्हें कई बार बालोद आना पड़ा था। इसलिए बालोद से उनका पुराना रिश्ता रहा है।

## वरिष्ठ वाहन चालकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा




आदर्श वाहन चालक संघ छत्तीसगढ़ ड्राइवर एकता संगठन अर्जुंदा के तत्वावधान में ड्राइवर दिवस एवं वरिष्ठ ड्राइवर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त हो चुके वाहन चालकों का सम्मान किया किया गया। मंच पर विराजमान सभी अतिथियों ने वर्तमान समय में ड्राइवरों का कितना महत्व है वह सब के बीच रखें साथ ही वाहन चालकों की बहुत सारी समस्याएं हैं उनको भी स्पष्ट किया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुंदा चंद्रहास देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन, सरपंच ग्राम पंचायत कुरदी संजय साहू, हरिशंकर साहू, सुरेश गांधी, संतलाल कुर्रे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम समापन के पश्चात पूरे नगर में ड्राइवर संघ द्वारा बाइक रैली निकल गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डिहार मंडले, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सचिव विनय यादव, भीषम साहू, दीना साहू, गुलाब निषाद, भूपेंद्र साहू, तेजेश्वर साहू, रोहित मंडले, भागीरथी सोनकर, कृष्णा साहू, दिना साहू, हेमंत साहू सहित बड़ी संख्या में वाहन चालक उपस्थित थे।

### पेंशनरों की बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की आगामी बैठक 5 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से नया पेंशनर भवन परियोजना कार्यालय के सामने डौण्डीलोहारा में रखी गई है।

बैठक में बालोद जिला एवं तहसील डौण्डीलोहारा की सदस्यता, गत माह का आय-व्यय का हिसाब, बैठक व्यवस्था पर चर्चा, गत जिला बालोद की बैठक में जिला निर्वाचन के सम्बंध में जानकारी एवं छ.ग. प्रांत की साधारण सभा वृन्दावन भवन में सम्पन्न शिक्षक सम्मेलन व सम्मान समारोह के कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष सियाराम सार्वा ने बताया कि इस माह में होने वाले पर्व जैसे 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान, 6 सितम्बर हरितालिका तीज व्रत, 7 सितम्बर गणेश चतुर्थी, 16 सितम्बर ईद मिलादुन्नबी, 17 सितम्बर विश्वकर्मा पूजन व गणेश विसर्जन के साथ पितृ पक्ष प्रारंभ 18 सितम्बर से 2 अक्टूबर को सर्व पितृ मोक्ष एवं गांधी जयंती पर प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी पेंशनर साथी को कोई व्यक्तिगत समस्या हो, तो अपने साथ आवेदन पत्र लेते आएं, ताकि निराकरण किया जा सके।

## भक्त माता कर्मा कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्राची ने ग्रहण किया पदभार

महाविद्यालय की सभी एवं आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति का दिया आश्वासन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद में जन भागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए पदभार ग्रहण एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राची विक्रम लालवानी ने अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। प्राची लालवानी ने आश्वासन दिया कि महाविद्यालय की सभी एवं आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित रहने तथा लगन एवं ईमानदारी से पढ़ाई करने को कहा, तभी आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष पवन साहू थे, विशिष्ट अतिथि कृष्णकांत पवार, यशवंत जैन, राकेश यादव, कृतिका साहू, सरोजिनी साहू थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य जेके. खलको ने की। प्राचार्य खालको ने महाविद्यालय की संक्षिप्त जानकारी दी एवं समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन साहू ने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कालेज की साफ सफाई का ध्यान रखने की बात कही। कृष्णकांत पवार ने महिला सशक्तिकरण पर संक्षिप्त उद्बोधन दिया। कार्यक्रम को यशवंत जैन एवं राकेश यादव ने भी संबोधित किया। समारोह में जिला मंत्री शरद ठाकुर, अमित चोपड़ा, रिंकू राजीव शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, तोमन साहू, पार्षद सरोजिनी साहू, पार्षद कमलेश सोनी, पार्षद राजू पटेल, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, शहर मंडल महामंत्री संतोष कौशिक, गिरजेश गुप्ता, सुनीता मनहर, मोनू जैन, अजय बाफना, राकेश बाफना, मोना टुवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

#### सिंधी समाज ने दिया वाटर कूलर

इस कार्यक्रम के अवसर पर सिंधी समाज के पदाधिकारी व समाज के लोगों ने महाविद्यालय को एक वाटर कूलर समाज की ओर से प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद द्वारा महाविद्यालय परिसर में 100 पौधों का रोपण किया गया।

### आज सीएम निवास पर तीजा पोरा का कार्यक्रम, महतारी वंदन की किस्त जारी होगी

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना के तहत सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश की माताओं और बहनों को तीजा की खुशियां देने जा रहे हैं। तीजा पर्व पर महतारी वंदन योजना की अगली किस्त उनके खाते में आएगी। तीजा पर माताओं बहनों को यह सौगात देने की पूरी तैयारी सरकार ने कर ली है। प्रदेश की करीब 70 लाख माताओं और बहनों को यह राशि जारी होगी। सीएम विष्णुदेव साय दो सितंबर को सीएम निवास में आयोजित होने वाले तीजा पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर यह सौगात देंगे। सीएम महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की समस्त हितग्राही महिलाओं को इस योजना की अगली किस्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से ट्विट में पोस्ट कर महतारी वंदन योजना की नई किस्त देने को लेकर पुष्टि की गई है। सीएमओ छत्तीसगढ़ से किए गए पोस्ट में सीएम विष्णुदेव साय ने लिखा है कि माता-बहनों को फिर से खुशियों का नोटिफिकेशन मिलेगा।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक में बन चुकी है सहमति

# निगम, मंडल, आयोग की पहली सूची में होंगे एक दर्जन नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब निगम, मंडलों और आयोगों में नियुक्तियों को लेकर कवायद चल रही है। नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले पहली सूची जारी करने की तैयारी है। इस सूची में करीब एक दर्जन नाम होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली के दौरों में राष्ट्रीय नेताओं के साथ पहली सूची पर सहमति बन चुकी है। सभी को सूची का इंतजार है। सूची कभी भी जारी हो सकती है। इधर मप्र में भी निगम, मंडलों और आयोग में नियुक्तियों को लेकर तैयारी चल रही है। मप्र के भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा एक सूची लेकर दिल्ली गए हैं। संभावना है कि मप्र और छत्तीसगढ़ की सूची आगे-पीछे या फिर एक साथ जारी हो सकती है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब तक निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। सरकार बनने के बाद लोकसभा का चुनाव आ गया, इसको लेकर आचार संहिता लग गई।

ऐसे में सभी लोकसभा के चुनाव में व्यस्त हो गए। अब लोकसभा का चुनाव निपट चुका है। इसी के साथ प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर भी जो कवायद चल रही थी, उस पर फिलहाल विराम लग गया है। मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा ऐसा कहा जा रहा है। इस बीच अब यह बात सामने आ रही है कि दर्जनभर निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी हो गई है।

#### सूची का इंतजार



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का दो दिनों का दिल्ली दौरा हुआ है। इस दौरे में मुख्यमंत्री श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम की केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही अन्य मंत्रियों से तो मुलाकात हुई है, साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में कुछ निगम, मंडलों में नियुक्तियों को लेकर सहमति बनने की बात सामने आ रही है। जब श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली से लौटे थे तभी कहा जा रहा था कि सूची जल्द आ जाएगी, लेकिन इसके बाद फिर से सूची अटक गई। कुछ समय पहले तीन दर्जन प्रस्तावित नामों की एक सूची भी वायरल हो चुकी है। हालांकि इस सूची को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों ने साफ कहा है कि यह सूची सही नहीं है। लेकिन जानकारों का कहना है कि इसी तरह की प्रस्तावित सूची राष्ट्रीय नेताओं के सामने रखी गई थी जिसमें से एक दर्जन नामों पर सहमति बन चुकी है। अब यह पहली सूची कब जारी होगी, इसका इंतजार सबको है। जानकारों का कहना है, पहली सूची में ज्यादातर नाम संवैधानिक पदों के होंगे, इसी के साथ कुछ अहम निगम और मंडलों में नियुक्ति होगी।

## पेज 9 के शेष

### एलपीजी टैंकर ..

के दौरान चालक और परिचालक ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। वहीं, घटना के बाद पुरुर पुलिस की टीम मौके में पहुंची और आवागमन बाधित ना हो इसलिए यातायात व्यवस्था पर ध्यान दिया। लेकिन, सड़क हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को हटाने के लिए नेशनल हाईवे विभाग द्वारा यदि समय रहते क्रेन की व्यवस्था कर टैंकर को हटा दी जाती, तो ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बनती और आवागमन बाधित नहीं होता। लेकिन संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण राहगीरों को घंटों कतार में रहना पड़ा या फिर अन्य वैकल्पिक रास्तों के माध्यम से सफर तय करना पड़ा। **मरकाटोला घाटी मरम्मत का कार्य धीमी गति से :** धमतरी कांकेर मुख्य मार्ग के मध्य मरकाटोला घाट पर स्थित पहाड़ को खोद कर सड़क का निर्माण किया गया, लेकिन पहाड़ी में उपस्थित पत्थर व मलबा बरसात के दिनों में बारिश के कारण सड़क में अचानक आ गिरता है। इसलिए आवागमन बाधित होने तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसलिए मरम्मत का कार्य बीते लगभग एक वर्ष से जारी है, जिसके कारण वैकल्पिक पुरानी सड़क के माध्यम से बीते एक वर्ष से आवागमन जारी है। वहीं, एक वर्ष से ज्यादा वक्त बीत जाने के बावजूद पहाड़ी का कार्य बहुत ही ज्यादा धीमी से चलने के कारण अधूरा व निर्माणाधीन हालात में नजर आ रहा है।

### सरपंच की हत्या के ...

मामला रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है। मौका वारदात में जिस व्यक्ति ने पहले जाकर देखा था, उससे पुलिस ने अभी तक बयान नहीं लिया है।

### व्यापारियों ने सांसद ...

आने वाले समय में बालोद रेलवे स्टेशन को सुंदरता प्रदान करेगा। वहीं, दल्ली राजहरा में यात्री ट्रेनों के डिब्बों की धुलाई के लिए वाशिंग यार्ड बनाने की मांग की गई है। माँग पत्र सौंपे जाने के दौरान व्यापारी संघ के अध्यक्ष हंसमुख टुवानी, अजय ओटवानी, शरद अग्रवाल, विक्रम ललवानी, लालचंद नूनीवाल, भरत गांधी, सुनील मालेकर, बसन्त कौशिक, दीपक साहू, धालसिंह कौशिक, दीपक चेनानी, नंदलाल बजाज, राजू गुप्ता, ताहिर ताज, गोलू गुप्ता, अजय कारदा, हरिशंकर चेनानी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### श्री राणी सती दादी मंदिर में अमावस्या महोत्सव आज से

**रायपुर।** श्री राणी सती मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय 2 से 3 सितंबर तक श्री राणी सती दादी मंदिर में भाद्र-अमावस्या महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मेले में छत्तीसगढ़ सहित अन्य पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालु भी भारी संख्या शामिल होंगे। इसके अलवा प्रांत के बाहर आए हुए भक्तों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था निशुल्क मंदिर समिति द्वारा की गई है। यह जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष किशोर ड्रोलिया और कैलाश अग्रवाल ने देते हुए बताया कि राजा तालाब स्थित मंदिर में 2 सितंबर को शाम 7 बजे से दादीजी का नयनाभिराम श्रृंगार का दर्शन होगा। रात्रि 8.30 बजे ज्योति पूजन के बाद रात्रि 9 बजे से आमंत्रित भजन गायक पूजा नत्थानी एंड पार्टी कोलकाता, मनोज सेन एंड पार्टी, धनबाद द्वारा भजन संकीर्तन कर रात्रि जागरण होगा।

### अधिवक्ता उमाशंकर को एससीएसटी कोर्ट और विमला को पास्को कोर्ट की जिम्मेदारी

**रायपुर।** राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लगभग 6 माह बाद छत्तीसगढ़ शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय द्वारा विगत दिनों आदेश जारी करते हुए यास्मीन बेगम विशेष लोक अभियोजक (पीओएससीओ) के स्थान पर विशेष न्यायालय, पास्को में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए अधिवक्ता विमला तांडी को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। इसी तरह नीलेश ठाकुर विशेष लोक अभियोजक के स्थान पर विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए अधिवक्ता उमाशंकर वर्मा को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया।

### बेंगलुरु कर्नाटका में रायपुर बस ऑपरेटर हुए सम्मानित

**रायपुर।** बेंगलुरु कर्नाटका में बस ऑपरेटर कॉनफेडरेशन ऑफ इंडिया बोकी द्वारा आयोजित प्रवास 4.0 कार्यक्रम में देश के वेस्ट जोन के बस ऑपरेटरों में छत्तीसगढ़ रायपुर के दो ट्रैवल्स बस ऑपरेटर को तमिलनाडु सरकार ने सम्मानित किया है। इनमें रॉयल ट्रैवल्स बस ऑपरेटर को लोकप्रिय बस ऑपरेटर के लिए तथा न्यू रॉयल ट्रैवल्स को स्टेज कैरिज ऑपरेटर के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राज्य के परिवहन मंत्री टीएसएस शिवाशंकर ने दिया। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के संरक्षक प्रमोद दुबे ने इस सम्मान के लिए रॉयल बस ट्रैवल्स ऑपरेटरों को बधाई देते हुए कहा कि ये छत्तीसगढ़ के लिए खुशी, गौरव व सम्मान की बात है। यह उपलब्धि राज्य के बस ऑपरेटरो के लिए प्रेरणा का काम करेगी। यातायात महासंघ के प्रमुख सलाहकार शिवेश सिंह ने कहा है कि अब छत्तीसगढ़ राज्य में भी बस संचालन का व्यवसाय शिखर पर पहुंच चुका है, जिसका उदाहरण राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में वेस्ट जोन में छत्तीसगढ़ के बस ऑपरेटरों को मिला सम्मान है। यह समूचे छत्तीसगढ़ का सम्मान है। रायल ट्रैवल्स के संचालक एवं महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए महासंघ के अन्य सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी है।

**कार्रवाई : कोबा व मनकी में हिन्दू विरोधी गतिविधियों का लोगों ने किया विरोध**

# धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप कोटवार सहित 3 को थाने ले गई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही/अर्जुंदा



क्षेत्र में पनपा धर्मांतरण का जहर खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। लगातार हिंदू संगठन और भाजपा के लोग इनके द्वारा हिंदू धर्म को खंडित करने के अभियान को रोकने में लगे हुए हैं।

इसी तारतम्य में पिछले कई सप्ताह तक माहुद में चल रही अवैध प्रार्थना सभा पर रोक लगाने के बाद इस रविवार विश्वास गुप्ता, पार्षद नीलेश्वर ठाकुर, ईश्वर देवांगन, नवीन राजपूत, सूर्यकांत, गजेंद्र, पंकज चौधरी, राहुल साहू, ऋषभ शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने अर्जुंदा के पास स्थित ग्राम मनकी पहुंचकर कोटवार के घर में चल रहे हिंदू धर्म को खंडित करने की योजना का विरोध किया।

बताया जा रहा है कि वहां बाहर से आकर एक युवक जुंगेरा पास्टर के रूप में विगत कई सप्ताह से हिंदू आस्था को खंडित करने का काम मनकी सहित आस पास के ग्रामीण अंचलों में कर रहा था। रविवार को भी वह उसी तरह डौंडी लोहारा के पास कोबा गांव में हिंदू विरोधी कार्यों को अंजाम दे रहा था। जहां हिंदू समाज के विरोध के बाद वह मनकी पहुंचा और फिर मनकी में भी उसी तरह के कार्यों को अंजाम दे रहा था। इसकी सूचना मिलने पर विश्वास गुप्ता व उनके साथी वहां पहुंचकर उस युवक द्वारा हिंदू विरोधी कार्य कर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का विरोध किया। उसके बाद ग्रामीणों ने भी कोटवार व उनके परिवार के साथ उक्त युवक द्वारा गांव की शांति व्यवस्था को बिगाड़ने को लेकर असंतोष जताया और देखते ही देखते सैकड़ों लोग वहां इकट्ठा हो गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। उसके बाद अर्जुंदा पुलिस द्वारा पहुंचकर धर्मांतरण को बढ़ावा देने वाले उक्त युवक उसकी पत्नी व उनको सहयोग करने वाले कोटवार को थाने ले गई।

### धारा 170 के तहत की गई कार्रवाई

जानकारी मिलने अनुसार बाहर से आकर ग्रामीण अंचलों में शांति भंग करने के चलते राकेश निर्मलकर के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत धारा 170 की कार्रवाई की गई है।भाजपा महामंत्री विश्वास गुप्ता ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस सरकार में पिछले 5 वर्षों में ग्रामीण अंचलों में ईसाई मिशनरी सक्रिय हुए हैं। उन्हें कड़ाई से जवाब देकर यहां से खदेड़ा जाएगा और अपने हिंदू भाइयों को हम अलग होने नहीं देंगे। क्षेत्र में चल रहे हैं इस पूरे धर्मांतरण की जानकारी गृह मंत्री व जिला की प्रभारी मंत्री विजय शर्मा से भी मिलकर उन्हें दी जाएगी।

# युवा कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं व सतनामी समाज के लोगों की गिरफ्तारी का किया विरोध

सरकार की नाकामी एवं पुलिस की विफलताओं का आरोप लगाते हुए और बलौदाबाजार हिंसा कांड में कांग्रेस के युवा विधायक देवेंद्र यादव, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, अजीत कोशले, युवा कांग्रेस के साथ ही सतनामी समाज के साथियों को गिरफ्तार किए जाने एवं भिलाई में युवा कांग्रेस के साथियों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में ब्लॉक युवा कांग्रेस द्वारा मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमर गुफा में जैतखंब को नुकसान पहुंचाने वाले असली अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि खानापूर्ति के लिए निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सतनामी समाज के लोगों के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई न करें। मशाल रैली में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े, विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू, अध्यक्ष मोहनीश पारकर, शहर अध्यक्ष साजन पटेल, जिला महासचिव अंचल प्रकाश साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, ब्लाक उपाध्यक्ष रोशन सोनवानी, प्रवीण साहू, सुनील मंडावी, फरहान खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माता कर्मा कालेज के विद्यार्थियों ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन का किया स्वागत



**अर्जुंदा।** पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के आगमन पर माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही के छात्र–छात्राओं ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतीश साहू ने महाविद्यालय की समस्या एवं जरूरतों से अवगत कराया। इस अवसर पर प्राचार्य एमएल.देशमुख, सहायक प्राध्यापक डॉ.लीना साहू ,डॉ.आशा रानी दिल्लीवार, घनश्याम साहू सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कन्या महाविद्यालय में चला पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बालोद छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ लीना साहू के निर्देश व स्वयंसेविका कल्पना बंबोड़े, मनीषा राणा, स्वयंसेवक दीपेश साहू के नेतृत्व में भक्त माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में शासन की योजना एक पेड़ माँ के नाम के तहत जिला स्तरीय पौधारोपण किया गया।

स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में लगभग 100 पौधे गुलमोहर, अमरूद, करौंदा, नीम, आवला, आम, जामुन का रोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विशेष रुप से मायंक साहू, ओम सिंह, डिके साहू, रोशन कुमार, रूद्रकान्त साहू, पूजा रावटे, ट्विंकल देवांगन, मानसी जगनायक, करण देवांगन, वंदना यादव, रश्मी निषाद, खेमचंद, रोशन, भरत यादव व अन्य स्वयंसेवक की सहभागिता रही। कार्यक्रम में जिले के शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्ली, एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहार, घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद, दुर्ग साइंस कॉलेज के एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुभारंभ स्वामी विवेकानंद, सरस्वती माता, छत्तीसगढ़ महतारी के समझ दीप प्रज्वलित, तिलक लगाकर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य जे.एल. खलखो, महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष प्राची लालवानी उपस्थित थे।

## नाली निर्माण में गड़बड़ी कलेक्टर से शिकायत



**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम हल्दी के ग्रामीणों ने शुक्रवार को बालोद कलेक्टर को लिखित शिकायत कर नाली निर्माण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है। हरेकृष्णा अग्रवाल रामदयाल साहू चुन्नीलाल साहू सहित अनेक ग्रामीणों ने शिकायत में कहा है कि हल्दी से पसौद रोड पर किए जा रहे नाली निर्माण में चैलेंज नंबर के हिसाब से निर्माण करने की बजाए गलत तरीके से किसी ओर ज्यादा तो किसी ओर संकरा निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच कर समान रूप से चौड़ी नाली का निर्माण करने के निर्देश देने की मांग की है।

## प्राथमिक शाला माटरी के प्रधानपाठक ठाकुर हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला माटरी के प्रधान पाठक हरिचरण ठाकुर 39 वर्ष की शिक्षकीय सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए।

इस पर 31 अगस्त को सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी गई। सर्वप्रथम बच्चों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ प्रधान पाठक का स्वागत कर उन्हें मंच पर आसीन कराया। उनके साथ उनके परिवार के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। संकुल के शिक्षकों ने बारी बारी से श्री ठाकुर से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। संकुल प्राचार्य एचपी मेश्राम सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। शिक्षक राजेश पांडे ने प्रधान पाठक का जीवन परिचय दिया एवं अभिनन्दन पत्र वाचन कर देवप्रसाद भुआर्य शिक्षक के साथ भेंट किया। बच्चों, शिक्षकों एवं ग्राम के गणमान्य लोगों ने श्री ठाकुर को अनेक उपहार भेंट किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान पाठक हरिचरण ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के बिना बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है एवं इसमें सिर्फ शिक्षक ही नहीं पालकों की भी महती भूमिका है। हम सब मिलकर ही बच्चों के भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं। उसके बाद शिक्षक राजेश पाण्डे द्वारा न्योता भोजन में खीर पूड़ी सब्जी परोसी गई। मंच संचालन शिक्षक केआर सिन्हा व आभार प्रदर्शन शिक्षक देव प्रसाद भुआर्य ने किया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र माटरी संकुल प्रभारी एचपी मेश्राम, डीएस कुंजाम, ललित भुआर्य, गोविन्द किरसाने, डिलेश्वर डेहरे, कांति ठाकुर, युवराज सुनहरे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

समस्त क्षेत्रवासियों को
पोला, तीजा व गणेश चतुर्थी पर्व
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाओ
के साथ शा.उ.मा.वि.भाठागांव (आर)
के नवनियुक्त शाला प्रबंधन एवं
विकास समिति के अध्यक्ष
बनने पर
भाठागांव (आर) निवासी
मान. श्री के.के. साहू जी
को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...
नव नियुक्त सदस्यगण
योगेश शर्मा, कौशल किशोर साहू, भानुराम साहू, रोमन साहू, राजेश शर्मा, दुष्यंत कुमार साहू, परमानंद साहू, मयाराम देवांगन, रमेश मानिकपुरी, भुनेश्वर कतलम, कांति सोनेश्वरी, अरूणा ठाकुर, जयंती देवांगन, ख्वाज बेगम एवं समस्त शाला परिवार, भाठागांव
जिला-बालोद

## खबर संक्षेप




### प्राध्यापक डॉ. सोहन लाल को दी गई विदाई

**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. सोहन लाल साहू को ससम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह में नायक, आरडी.साहू, जीएन. खरे, रितु पिसदा, वर्मा, मारकांडे, जितेश साहू, पूर्णिमा पथारे प्राध्यापक और बॉटनी विभाग के सभी छात्र उपस्थित थे। समारोह का संचालन वनस्पति शास्त्र के विभाग अध्यक्ष जितेश साहू ने किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने प्राध्यापक डॉ. सोहन के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। वनस्पति शास्त्र के विभाग अध्यक्ष जितेश साहू ने अपने विभाग की ओर से शॉल एवं श्री फल भेंट किया।

### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**बालोद।** जिला बालोद के विभिन्न अस्पताल में रविवार को रक्त की



कमी होने के कारण मरीज परेशान हो रहे थे। रविवार होने के कारण ब्लड बैंक के बंद होने से और ज्यादा परेशानी होई। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को इसकी जानकारी होने पर वे तत्काल बालोद पहुंचे। उसके बाद रक्त की कमी को दूर करते हुए तीन युनिट रक्तदान किया। पहली बार रक्तदान करने वालों में स्वयंसेवक दिपेश साहू, अंजलि साहू, पूनम साहू रहे।

### भाठागांव आर शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने केके साहू

**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर



में सेवानिवृत्त शिक्षक केके साहू को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति उप मुख्यमंत्री व बालोद जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा की गई है। बता दें कि केके साहू इसके पहले संकुल प्रभारी व जिला साहू समाज बालोद के उपाध्यक्ष, शिक्षक संगठन के अध्यक्ष सहित अन्य पद पर भी रहे चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुए प्रभारी मंत्री का आभार जताया है।

### राशन दुकान में चोरी

**पाटन।** शासकीय राशन दुकान में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत औसर में बीती रात को शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चोरी की घटना हुई है। दुकान से 35 किलो चावल को पार कर दिया है। दुकान संचालक ने बताया कि गोदाम से गाड़ी लोड करा कर शासकीय उचित मूल्य की दुकान में माल खाली कराया। दुकान में ताला लगा कर घर लौटे। घटना रात की करीब 10 से 11 बजे की है। उसी रात को गॉव के आंगनबाडी में भी चोरी की वारदात हुई है।

## बैठक : सदस्यता अभियान की तैयारी को लेकर हुई कन्नेवाड़ा और करहीभदर शक्ति केंद्रों की बैठक

# भाजपा का प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ पदाधिकारियों ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का किया आह्वान

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान 2024 की तैयारी को लेकर शक्ति केंद्र कन्नेवाड़ा और करहीभदर का संयुक्त बैठक आयोजित की गई। ग्रामीण मंडल द्वारा अभियान की तैयारी को लेकर ग्रामीण मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र करहीभदर एवं कन्नेवाड़ा में बैठक आहूत कर सदस्यता अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।



शक्ति केंद्र बैठक प्रभारी एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि जितनी अधिक संख्या में हम पार्टी में आमजनों को जोड़ेंगे पार्टी उतनी ही मजबूत होगी। प्रत्येक बूथों में कम से कम 200 सदस्य बनाने है। साथ ही पार्टी में सक्रिय सदस्य बनने हेतु 50 से अधिक संख्या में सदस्य बनाने होंगे। उन्होंने बैठक में प्रत्येक बूथों में जाति समीकरण एवं जिन बूथों में जिस समाज की संख्या कम है, उन्हें अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। शक्ति केंद्र कन्नेवाड़ा बैठक प्रभारी दिनेश सिन्हा ने कहा कि सभी बूथों में 2 सितंबर से अनिवार्य रूप से सदस्यता अभियान सभी कार्यकर्ता को करनी है। बैठक को मंडल उपाध्यक्ष देवधर साहू, करहीभदर सरपंच लीलाराम डड़सेना, पूर्व सरपंच कमला देवी भूतड़ा गणेश साहू, शक्ति केंद्र संयोजक भानु साहू द्वारा भी संबोधित किया गया।

### इन माध्यमों से ले सकते हैं सदस्यता

सदस्यता अभियान 2 सितंबर को प्रारंभ होकर 1 माह तक चलेगा, इसके लिए सरल एप, नमो एप, क्यू आर कोड या अपने मोबाइल से 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। बैठक में बुधरु राम साहू, भानुप्रताप हिरवानी, समारू राम ठाकुर श्रवण देवांगन, तोषण साहू, सुरेश गोयल, मनोज साहू, मुकेश साहू, सुखराम देवांगन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अंडा भानपुरी शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान को लेकर की गई चर्चा



**अंडा।** ग्राम अंडा में भाजपा शक्ति केंद्र बैठक हुई। अंडा भानपुरी शक्ति केंद्र में सदस्यता अभियान के संदर्भ में बैठक हुई। सदस्यता संबंधी जानकारी कार्यकर्ताओं को बताया गया कि 30 अगस्त से शक्ति केंद्र पर कार्यशाला 2 सितंबर को राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ 3 सितंबर को प्रदेश सदस्यता अभियान शुभारंभ 4 सितंबर 2024 को तथा जिला सदस्यता अभियान का शुभारंभ 5 सितंबर को होगा। मंडल सदस्यता अभियान का शुभारंभ 6 से सितंबर से होगा जो 17 सितंबर तक चलेगा। वहीं बूथ सदस्यता अभियान 19 से 25 सितंबर तक सामूहिक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जनपद पंचायत दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष शक्ति केंद्र प्रभारी चंद्रशेखर बंजारे, बूथ अध्यक्ष तिलक चंद्राकर यशवंत बंजारे उतई मंडल महामंत्री मुकेश चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि लोकेश देवांगन मुकेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर चुम्मन साहू पम्मी चंद्राकर सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंजोरा मंडल में आयोजित प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार महिला मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि 2 सितम्बर को प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान महापर्व आरंभ होने जा रहा है। इस संदर्भ में प्रदेश व्यापी बैठक का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में अंजोरा मंडल की बैठक हुई। बैठक में सदस्यता प्रभारी एवं मंडल सदस्यता संयोजकों को आवश्यक मार्गदर्शन और जानकारियां प्रदान की गई। सभी को साथ लेकर सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा कि एक-एक घर तक अनिवार्य रूप से जाना है और नए सद्स्य बनाना है।

इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, जिला सयोंजक राजेंन्द्र पाध्ये, पूर्व सहकारी समिति मर्यादित के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, महामंत्री पुराण देशमुख, जिला महामंत्री गायत्री वर्मा, जयश्री राजपूत, महिला मंडल अध्यक्ष यामिनी हरमुख, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, महिला मंडल उपाध्यक्ष रेखा यादव, माखन साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख व सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सदस्यता अभियान की तैयारियों के लिए अंडी शक्ति केंद्र में हुई बैठक



**डौंडीलोहारा।** ग्राम अंडी शक्ति केंद्र में 31 अगस्त को शाम 7 बजे बूथ क्रमांक 27 एवं 28 का सदस्यता अभियान महापर्व के सम्बंध में आवश्यक बैठक रखी गई। इस दौरान सभी मतदाता भाई बहनों को सदस्य बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें बूथ अध्यक्ष एवं अन्य द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर धनेश्वरी अटल मंत्री भाजपा मंडल डौंडीलोहारा, रेमन सिंह अटल प्रभारी सदस्यता अभियान शक्ति केंद्र अंडी, नामदेव साहू बूथ अध्यक्ष, चंदराम ठाकुर ग्राम पटेल, रतिराम सिन्हा, सेवक राम यादव, फुर्स्तं अटल, विनय अटल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# कुसुमकसा में डायरिया पीड़ितों की संख्या में कमी, स्वास्थ्य शिविर समाप्त

26 अगस्त से स्वास्थ्य विभाग ने गांव में स्थित अटल समरसता भवन में लगाया था अस्थाई स्वास्थ्य कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

अटल समरसता भवन कुसुमकसा में डायरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया अस्थाई स्वास्थ्य कैंप समाप्त कर दिया गया है। शिविर में पीड़ित मरीजों के उपचार के बाद लोगों के स्वस्थ होने से अब पीड़ितों की संख्या में कमी आई है। इसे देखते हुए सात दिनों से लगा अस्थाई स्वास्थ्य शिविर 1 सितंबर को सुबह समाप्त कर दिया गया। वहीं, पीड़ित मरीजों के स्वस्थ होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

बता दें कि क्रांति चौक, पिस्दापारा में 24 अगस्त से उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या की बढ़ता हुआ देखकर 26 अगस्त से स्वास्थ्य विभाग गांव में स्थित अटल समरसता भवन में अस्थाई स्वास्थ्य कैंप तीन दिन के लिए लगाया था। किंतु तीन दिनों में मरीजों के उपचार के बाद भी नए मरीज आने पर स्वास्थ्य कैंप को आगे और बढ़ा दिया गया।

इस दौरान डायरिया पीड़ित लगभग 90 मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने कैंप में 8-8 घंटे शिफ्ट वाइस ड्यूटी करते हुए 24 घंटे सेवा दी। साथ ही मितानिनों ने भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ डायरिया प्रभावित क्षेत्र के घर-घर जाकर पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य, खानपान, साफ-सफाई की जानकारी लेते रहे। इस कारण प्रभावित क्षेत्र में डायरिया पीड़ितों की संख्या में शीघ्रता से कमी आई। उसके बाद अस्थाई स्वास्थ्य कैंप को 31 अगस्त की रात्रि पाली तक चलाया गया और 1 सितंबर से हटा दिया गया। वहीं कुछ मरीजों को समुचित उपचार के लिए अन्यत्र अस्पताल में रेफर किया गया था, जिनका स्वास्थ्य अब ठीक है।

ग्राम पंचायत कुसुमकसा सरपंच शिवराम सिंद्रामे ने बताया कि विकासखंड चिकित्सा अधिकारी विजय ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में अस्थाई स्वास्थ्य कैंप में डा जेपी चुनारकर, गोपीचंद, निर्मला साहू( सुपरवाइजर), आरआर ठाकुर, पुष्पा सपाटे, तामेश्वर भुआर्य, कल्पना, लोकेश्वरी, किरण राणा, योगिता साहू, ऋषी साहू सहित मितानिन अमृता बाई, सरस्वती, रूपा सिन्हा, पदमा ध्रुवे, द्रोपदी बाई, कुलेश्वरी धुर्वे गिरजा बाई का सराहनीय योगदान रहा।

# मचांदूर ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

युवा क्रीडा मंडल एवं ग्रामवासी टेमरी के तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उन्होंने कहा कि तन मन को स्वस्थ रखने के लिए खेल जरूर खेलना चाहिए।



उन्होंने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने के लिए लगातार कार्य किए। आज युवाओं को इस दिशा में कार्य करने की प्रेरणा मिली है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से बच्चे, युवा, सियान सभी की भागीदारी हो। अध्यक्षता उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत दुर्ग अशोक साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस राजेश ठाकुर, महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला, जोन प्रभारी भेष आठे, सभापति रूपचंद साहू, देवकुमार निषाद, पवन डहरे, चंद्रभान साहू, रामदास मानिकपुरी, रवेल सिंह ठाकुर, उपसरपंच लीलाधर साहू थे। कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता मचांदूर, उपविजेता अरमरी कला एवं तृतीय स्थान में सिवनी (रायपुर) की टीम रही।

इस अवसर पर गजेंद्र साहू, डोमेश साहू, दीपक साहू, जितेंद्र साहू, केवल साहू, कमलेश सोनवानी, रोहित ठाकुर, रामचंद सोनवानी, विष्णु, कमल सोनी सहित अनेक खिलाड़ी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शासकीय विद्यालय आलबरस में दानदाताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

■ विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी किया गया सम्मानित

शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं कन्या प्राथमिक शाला आलबरस के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय को सहयोग प्रदान करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य दुर्ग थीं, अध्यक्षता योगिता चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग ने की। वहीं, सरपंच आशा देशमुख एवं पूर्व उपसरपंच रोशन लाल देशमुख विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान शाला के लिए दान करने वाले दानदाताओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र तथा श्री फल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सैनिक कल्याण समिति आलबरस



द्वारा कक्षा 5 वीं चित्रा ठाकुर, छत्रपाल देशमुख प्रथम, वाणी हरमुख, दिनेश देशमुख द्वितीय, मुस्कान देशमुख, रुद्र देशमुख तथा कक्षा 8 वी की हिमांशी देशमुख प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा शाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था के सफाई कर्मचारियों वासुदेव चेलक, सुरेंद्र देशमुख और भेषज चंदेल को शाल एवं श्री फल से सम्मानित किया गया।

# संघ के लिए सभी सदस्य हर माह कम से कम 2 घंटा अवश्य निकालें

निजी चिकित्सक संघ ब्लॉक गुरूर की मासिक बैठक में वक्ताओं ने किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

निजी चिकित्सक संघ ब्लॉक गुरूर की मासिक बैठक डॉ तरेश कुमार रावटे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष निजी चिकित्सक संघ गुरुर डॉक्टर लीलाराम बनपेला ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व संरक्षक निजी चिकित्सक संघ गुरूर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष डॉ झूमुक सार्वा, डॉ देवा सार्वा, ब्लॉक कोषाध्यक्ष डॉ हेमंत ग्वालेन्द, जिला कोषाध्यक्ष, डॉ बलराम साहू, संरक्षक डॉ नारद साहू, ब्लॉक



उपकोषाध्यक्ष डॉ प्रकाश साहू, संरक्षक डॉ टोडरमल मंचासीन थे। भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के बाद डॉ बनपेला ने संघ की मजबूती के बारे में विशेष चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक माह होने वाली बैठक में समस्त सदस्यों से शामिल होने का आग्रह करते हुए कहा कि संघ के लिए 2 घंटे अवश्य दें। डॉ गंजीर ने कहा कि चाहे कोई भी स्थिति हो, हम एकजुट होकर संघ को चलाएंगे और जो हमने संकल्प लिया है, रचनात्मक कार्यक्रम रक्तदान महादान जैसे पुण्य काम निरंतर चलते रहें और अपने मरीज को रक्तदान करते रहें और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

डॉ तारेश रावटे ने समस्त चिकित्सकों को जानकारी प्रदान की। डॉ योगेश साहू को संघ का विधि सलाहकार मनोनीत किया गया। मंच संचालन ब्लॉक सचिव डॉ परदेशी राम ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन डॉ झुमुक सार्वा ने किया।

कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी डॉ उमेंद राम निषाद, सह मिडिया प्रभारी डॉ देव व्रत यादव, डॉ नरोत्तम साहू, डॉ डामन लाल साहू एवं शक्ति केंद्र के समस्त संयोजक सहसंयोजक एवं समस्त सदस्य उपस्थित थे।

### पार्किंग से करता था वाहन चोरी

**भिलाई।** वाहन चोर गिरोह से पुलिस ने पांच युवको को गिरफ्तार कर उनके पास से 11 वाहनों को जब्त किया है। चोरी का सरगना अस्पताल में सुरक्षा कर्मी का काम करता है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पार्किंग से लगातार बाइक चोरी की वारदात लगातार होने की शिकायत मिल रही थी। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में आरोपियों को पकड़ने टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर आरोपी परपोडी जिला बेमेतरा निवासी आकाश चौबे को पकड़ा गया।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## राज्य मुख्य आयुक्त ने सेवा, समर्पण व अनुशासन का बताया महत्व

# स्काउट-गाइड की बैठक में कई विषयों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक बालोद के टाउन हाल में आयोजित की गई।

राज्य मुख्य आयुक्त ने स्काउट गाइड में सेवा भाव समर्पण, अनुशासन की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। संगठित होकर सेवा कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। जिसमें जिला आयुक्त राकेश यादव को वारंट (अधिकार प्रमाण पत्र) प्रदान किया गया। यादव ने जिले में स्काउटिंग के सफलता पूर्वक संचालन के लिए कटिबद्ध रहने की बात कही। जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने जिला की ओर से स्वागत भाषण स्काउट




गाइड की सामाजिक भूमिका अनुशासन और जिले में स्काउटिंग गतिविधियों का प्रचार प्रसार पर जोर दिया।अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा ने अपने विद्यार्थी जीवन में स्काउटिंग गतिविधियों की भागीदारी को बताते हुए अपनी सफलता के पीछे स्काउटिंग को श्रेय दिया। जिला सचिव केएल गजेंद्र ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने जिले की समस्त क्रियाकलाप आय व्यय, स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियां जो संचालित हो रही हैं, प्रकाश डाला। जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर राज्य के निर्देश को शत प्रतिशत जिला में लागू करना समयबद्ध कार्य संचालित करना अपने कर्तव्य के प्रति तटस्थ भाव से कार्य करना एवं भावी योजना के लिए रूपरेखा तैयार कर राज्य मुख्य आयोग को फाइल के माध्यम से सौंपी।

समीक्षा बैठक में राज्य आयुक्त रेंजर प्रतिमा ठाकरे, गुरुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ललित चंद्राकर, गुण्डरदेही नवीन यादव, डौंडीलोहारा हिमांशु मिश्रा, डौंडी जेएस भारद्वाज एवं जिला आयुक्त (गाइड) डीएन यादव, जिला (डीटीसी) स्काउट भुवन सिन्हा, (डीटीसी) (गाइड) सीमा साहू, गाइडर कमला वर्मा के साथ जिला के सक्रिय स्काउटर गाइडर उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 नवंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविध ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411